

## अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की कलम से...

01 जून, 2023

*प्रिय साथियो,*

एनएचपीसी लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर है और जलविद्युत क्षेत्र के विकास में केंद्रीय भूमिका निभा रही है। हमारे वित्तीय आंकड़े हमारी सुदृढ़ वृद्धि और एनएचपीसी के लिए उज्ज्वल भविष्य को दर्शाते हैं । एनएचपीसी ने पिछले वित्त वर्ष के 3538 करोड़ रुपए की तुलना में वित्त वर्ष 2022-23 में एकल आधार पर 3834 करोड़ रुपए का कर पश्चात लाभ (पीएटी) अर्जित किया है जोकि पिछले वित्त वर्ष से 8% अधिक है। हमारी शानदार वित्तीय वृद्धि ,कंपनी के प्रति आपके समर्पण और कड़ी मेहनत का प्रत्यक्ष परिणाम है।

एनएचपीसी के निदेशक मंडल ने पहले से घोषित किए गए 1.40 रुपए प्रति इक्विटी शेयर अंतरिम लाभांश के अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 0.45 रुपए प्रति इक्विटी शेयर के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। तदनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 के लिए कुल लाभांश 1.85 रुपए प्रति शेयर है।

माननीय विद्युत और भारी उद्योग राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर ने दिनांक 11 और 12 मई, 2023 को 2000 मेगावाट सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना का दौरा किया। इस दौरे के दौरान, माननीय मंत्री जी के साथ माननीय विधायक, लिकाबाली (अरुणाचल प्रदेश), श्री कार्दो न्यिग्योर ने दिनांक 12 मई, 2023 को सुबानसिरी लोअर एचईपी के 400 केवी पॉटहेड यार्ड का उद्घाटन किया। माननीय मंत्री जी ने परियोजना की एक समीक्षा बैठक भी की जिसमें उन्होंने एनएचपीसी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और देश के विकास के लिए नवीकरणीय ऊर्जा के विकास की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

दिनांक 2 मई ,2023 को वड़ोदरा, गुजरात में वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख (सीओडी) से 40 वर्ष की अवधि के लिए 2880 मेगावाट दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना, 500 मेगावाट डुगर एचईपी, 500 मेगावाट तीस्ता VI एचईपी और 120 मेगावाट रंगित IV एचईपी से उत्पादित विद्युत के ऑफ-टेक के लिए गुजरात ऊर्जा विद्युत निगम लिमिटेड (जीयूवीएनएल) के साथ एनएचपीसी, लैंको तीस्ता हाइड्रो पावर लिमिटेड (एलटीएचपीएल) और जल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (जेपीसीएल) द्वारा विद्युत क्रय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। आपूर्ति की जाने वाली विद्युत आवंटन की मात्रा विद्युत मंत्रालय के आदेशानुसार होगी।

एनएचपीसी का प्रबंधन देश में एनएचपीसी की उपस्थिति का विस्तार करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। इस उद्देश्य के लिए, श्री बिश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाएं), श्री उदय सखाराम निर्गुड़कर, स्वतंत्र निदेशक, एनएचपीसी के साथ एनएचपीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने 2 मई 2023 को मुंबई में श्री दीपक कपूर (आईएएस), अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन विभाग और श्रीमती आभा शुक्ला (आईएएस), प्रधान सचिव (ऊर्जा), महाराष्ट्र सरकार से मुलाकात की। बैठक के दौरान, महाराष्ट्र में 4000 मेगावाट की कुल क्षमता वाले पंप स्टोरेज और फ्लोटिंग सोलर पीवी परियोजनाओं के विकास पर चर्चा की गई।

इसके अलावा 16 मई, 2023 को गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (जीयूवीएनएल) द्वारा 200 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना के लिए एनएचपीसी को आशय पत्र जारी किया गया। यह परियोजना खावदा (जीएसईसीएल चरण-1) में गुजरात राज्य विद्युत निगम लिमिटेड (जीएसईसीएल) के सोलर पार्क में अवस्थित होगी।

हमारी निर्माणाधीन परियोजनाओं में काफी उल्लेखनीय प्रगति हुई हैं। 2000 मेगावाट सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना की सभी 08 हेड रेस टनल की ओबर्ट कंक्रीट लाइनिंग का कार्य दिनांक 27 मई, 2023 को पूरा हो गया है। 120 मेगावाट रंगित-IV जलविद्युत परियोजना में दिनांक 18 मई, 2023 को राइट बैंक नॉन ओवरफ्लो ब्लॉक नंबर 7 के डैम टॉप अर्थात ईएल 471 मीटर तक कंक्रीटिंग कर ली गई है। इसके अलावा, 624 मेगावाट की कीरू जलविद्युत परियोजना के ट्रांसफार्मर केवर्न की खुदाई दिनांक 12 मई ,2023 को पूरी हो गई है।

माननीय संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति द्वारा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी और विद्युत मंत्रालय और एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में 25 मई, 2023 को देहरादून में एनएचपीसी के टनकपुर पावर स्टेशन के राजभाषा कार्यों का निरीक्षण किया गया। समिति ने निरीक्षण के दौरान एनएचपीसी के राजभाषा कार्यों की प्रशंसा की और महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

मैं आपको बताना चाहता हूं कि मैंने ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया है इससे व्यक्तिगत रूप से मेरे करियर में सकारात्मक विकास हुआ है। उद्योग द्वारा प्रदान किए गए इस अवसर में आप सभी के प्रबल समर्थन की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसके लिए मैं आप सभी का आभारी हूं।

नए विचार संगठन के विकास के लिए आवश्यक हैं। इसको ध्यान में रखते हुए दिनांक 13 मई, 2023 को कार्यपालक निदेशकों का एक सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में संगठन के भावी विकास के लिए विचारों और सुझावों पर चर्चा की गई।

**इस माह की अन्य प्रमुख मुख्य बातें इस प्रकार हैं:**

- श्री प्रेम सिंह तमांग, माननीय मुख्यमंत्री सिक्किम के कर-कमलों से दिनांक 23 मई 2023 को गंगटोक में सीएसआर के तहत एनएचपीसी द्वारा प्रायोजित "प्रोजेक्ट बहिनी" का शुभारंभ किया गया। इस परियोजना के तहत 134 विद्यालयों में सेनेटरी पैड वितरण मशीन और इंसीनरेटर लगाए जाएंगे। इससे 41000 से अधिक छात्राओं को लाभ मिलेगा।
- डॉ. रनोज पेगू, माननीय मंत्री, असम सरकार ने दिनांक 22 मई 2023 को सीएसआर के तहत सुबनसिरी लोअर हाइड्रो इलेक्ट्रिक परियोजना द्वारा प्रदान किए गए अपशिष्ट संग्रह करने वाले वाहन को धेमाजी नगर बोर्ड को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डीसी धेमाजी, कार्यपालक निदेशक, सुबनसिरी लोअर हाइड्रो इलेक्ट्रिक परियोजना और अध्यक्ष, नगर बोर्ड, धेमाजी भी उपस्थित थे
- श्री जिष्णु बरुआ, माननीय अध्यक्ष, सीईआरसी ने 12 मई 2023 को सुबनसिरी लोअर हाइड्रो इलेक्ट्रिक परियोजना का दौरा किया। श्री बरुआ ने परियोजना में चल रही निर्माण गतिविधियों के लिए परियोजना टीम की सराहना की और परियोजना के शीघ्र शुरू होने की कामना की।
- माननीय संसदीय राजभाषा समिति ने एनएचपीसी के पीआईडी, पठानकोट कार्यालय के साथ दिनांक 13 मई, 2023 को अमृतसर में निरीक्षण बैठक की।
- श्री बिश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाएं) ने दिबांग बहुद्देशीय परियोजना के अपने दौरे के दौरान 8 मई 2023 को परियोजना अधिकारियों और मैसर्स एल एंड टी के साथ एक समीक्षा बैठक की। उन्होंने दिबांग डाउनस्ट्रीम प्रभावित क्षेत्र समिति के साथ भी बैठक की और दिबांग परियोजना के डाउनस्ट्रीम से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।
- 5 मई से 7 मई 2023 तक बेंगलुरु में आयोजित 5वीं इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स इंटरनेशनल चैंपियनशिप 2023 में एनएचपीसी के स्पोर्ट्स स्कालर श्री नवदीप ने जेवलिन में स्वर्ण पदक और सुश्री ए. नलिनी, वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त) ने डिस्कस थ्रो में कांस्य पदक जीता।
- प्रो. (डॉ.) अमित कंसल, स्वतंत्र निदेशक, एनएचपीसी ने 16 से 18 मई 2023 तक चमेरा-I पावर स्टेशन का दौरा किया। पावर स्टेशन के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक सत्र के उन्हें दौरान पावर स्टेशन की विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई।
- एनएचपीसी ने पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के साथ दिनांक 16 मई 2023 को सीपीएसयू स्कीम के तहत सीओडी से 25 साल के लिए 400 मेगावाट सौर ऊर्जा के कुल क्षमता के लिए बिजली उपयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों, परियोजनाओं और कार्यालयों में दिनांक 16 मई से 31 मई 2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा-2023 का आयोजन किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा-2023 के दौरान स्वच्छता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- 22 से 23 मई 2023 तक फरीदाबाद में एनएचपीसी के आईटी पेशेवरों के लिए दो दिवसीय आईटी मीट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निदेशक (परियोजनाएं) के कर-कमलों द्वारा एनएचपीसी वेबसाइट के नया बीटा संस्करण को लॉन्च किया गया।
- माह, मई 2023 के दौरान राजस्व संग्रह 503 करोड़ रुपए रहा।
- माह, मई 2023 के अंत में एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी उत्पादन 4611.1 मिलियन यूनिट रहा।

38 से अधिक वर्षों तक संगठन को अपनी मूल्यवान सेवाएं प्रदान करने के बाद दिनांक 31.05.2023 को श्री वाई.के. चौबे, निदेशक (तकनीकी) एनएचपीसी की सेवाओं से सेवानिवृत्ति हुए। मैं एनएचपीसी परिवार की ओर से, उनकी सेवाओं के लिए उनका आभार व्यक्त करता हूं और उनके स्वस्थ और समृद्ध सेवानिवृत्त जीवन की कामना करता हूं।

हम माह जून 2023 में विश्व पर्यावरण दिवस और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने जा रहे हैं। आइए हम सभी इन दोनों अवसरों के महत्वपूर्ण संदेशों को ध्यान में रखें और अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखने की दिशा में काम करें और अपने लिए एक स्वस्थ जीवन शैली भी विकसित करें। .

भवदीय,

राजीव विश्नोई

**(आर. के. विश्नोई)**
**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**



# From CMD's Desk…

1st June 2023

*Dear Colleagues,*

NHPC continues to move ahead and play the central role in the development of hydropower sector. Our financial numbers reflect our strong growth and the bright future that lies ahead for NHPC. For the FY 2022-23, NHPC has achieved a Profit After Tax (PAT) of Rs. 3834 Crore on standalone basis compared to Rs. 3538 Crore in last financial year, an increase of 8%. Our robust financial growth is direct result of your dedication and hard work for the Company.

NHPC's Board of Directors have recommended final dividend of Rs 0.45 per equity share for Financial Year 2022-23 in addition to interim dividend of Rs 1.40 per share already declared. Accordingly, total dividend for FY 2022-23 is Rs 1.85 per share.

Hon'ble Minister of State for Power and Heavy Industries Shri Krishan Pal Gurjar visited 2000 MW Subansiri Lower HE Project on 11th and 12th May 2023. During the visit, the Hon'ble Minister alongwith Hon'ble MLA, Likabali (Arunachal Pradesh), Shri Kardo Nyigyor inaugurated the 400KV Pothead Yard of Subansiri Lower HEP on 12th May 2023. Hon'ble Minister also held a review meeting of the project wherein he appreciated NHPC's efforts and highlighted the need for development of Renewable energy for country's growth.

Power Purchase Agreement was signed on 2nd May 2023 by NHPC, Lanco Teesta Hydro Power Limited (LTHPL) and Jal Power Corporation Limited (JPCL) with Gujarat Urja Vidyut Nigam Limited (GUVNL) at Vadodra, Gujarat for off take of power generated from 2880 MW Dibang Multipurpose Project, 500 MW Dugar HEP, 500 MW Teesta VI HEP and 120 MW Rangit IV for a period of 40 years from COD. Quantum of power to be supplied shall be as per power allocation order of MoP.

NHPC's management is constantly making efforts towards expanding NHPC's presence in the country. With this aim, Shri Biswajit Basu, Director (Projects), Shri Uday Sakharam Nirgudkar, Independent Director, NHPC along with other senior NHPC officers met Shri Deepak Kapoor (IAS), Addl. Chief Secretary, Water Resource Dept., and Smt. Abha Shukla (IAS), Principal Secretary (Energy), Govt. of Maharashtra at Mumbai on 2nd May 2023. During the meeting, the development of Pumped Storage and Floating Solar PV Projects in Maharashtra with aggregate capacity of 4000 MW were discussed.

Further, Gujarat Urja Vikas Nigam Ltd (GUVNL) has issued a Letter of Intent to NHPC for 200 MW capacity Solar Power Project on 16th May 2023. The project will be located within Gujarat State Electricity Corporation Limited's (GSECL) Solar Park in Khavda (GSECL Stage-1).

Some major landmarks have been achieved at our construction Projects. Overt Concrete Lining of all 08 Nos. Head Race Tunnels of 2000 MW Subansiri Lower HEP has been completed on 27th May 2023. At 120 MW Rangit-IV HEP, the Concreting up to Dam top i.e. EL 471m of Right bank Non Overflow block no.7 has been achieved on 18th May 2023. Further, Excavation of Transformer cavern of 624 MW Kiru HE Project completed on 12th May 2023.

The Hon'ble 2nd Sub Committee of Parliament on Official Language inspected the official language works of NHPC's Tanakpur Power Station on 25th May 2023 in Dehradun in my presence alongwith senior officials from MOP and NHPC. The committee praised and gave important suggestions for NHPC's official language works during the inspection.

I would like to inform you that on a personal front my career saw a positive development as I took over as Chairman of BRICS Chamber of Commerce and Industry. I am grateful for your strong support which has been instrumental in this opportunity that I have been provided by the industry.

New ideas are essential for growth of the organization. Keeping this in mind, a conclave of Executive Directors was held on 13th May 2023, where views & suggestions for the future growth of organization were discussed.

**Other Highlights of the month are:**

- Hon'ble Chief Minister of Sikkim, Shri Prem Singh Tamang launched "Project Bahini" sponsored by NHPC under CSR at Gangtok on 23rd May 2023. In this project, Sanitary Pad Vending machines and Incinerators would be installed in 134 schools wherein more than 41000 girl students will be benefitted.
- Dr. Ranoj Pegu, Hon'ble Minister, Govt. of Assam, flagged-off a Waste Collection Vehicle provided by Subansiri Lower HEP under CSR to Dhemaji Municipal Board on 22nd May 2023. DC Dhemaji, ED, SLHEP & Chairperson, Municipal Board, Dhemaji were also present on the occasion.
- Shri Jishnu Barua, Hon'ble Chairperson, CERC visited Subansiri Lower HEP on 12th May 2023. Shri Barua appreciated the Project team for ongoing construction activities & wished for early commissioning of Project.
- Hon'ble Committee of Parliament on Official Language held an inspection meeting with the NHPC PID, Pathankot office on 13th May 2023 at Amritsar.
- Shri Biswajit Basu, Director (Projects) during his visit to Dibang MPP took a review meeting on 8th May 2023 with project officials and M/s L&T. He also held a meeting with Dibang Downstream Affected Area Committee and discussed the downstream issues related to Dibang Project.
- NHPC Sports scholar Shri Navdeep won Gold medal in Javelin & Ms. A. Nalini, Senior Manager (Finance) won Bronze Medal in Discus Throw in 5th Indian Open Para Athletics International Championship 2023 held from 5th May to 7th May 2023 at Bengaluru.
- Prof. (Dr.) Amit Kansal, Independent Director, NHPC visited Chamera-I Power Station from 16th to 18th May 2023. He was briefed about various activities of the Power Station and also held an interactive session with senior officers and employees.
- Power Usage Agreement for off take of 400MW Solar power under CPSU scheme for 25 years from COD was signed by NHPC with Punjab State Power Corporation Limited on 16th May 2023.
- NHPC observed Swachhta Pakhwada-2023 from 16th May to 31st May 2023 across all its Power Stations, Projects and Offices. Various programmes related to cleanliness/ were organized during Swachhta Pakhwada-2023.
- A two day IT meet was organized from 22nd to 23rd May 2023 for NHPC's IT professionals at Faridabad. During the programme, Director (Projects) launched the new Beta version of NHPC website.
- The revenue collection during the month of May 2023 stood at Rs. 503 Crore.
- The total cumulative generation of all NHPC Power Stations stood at 4611.1 MUs at the end of May 2023.

Sh. Y.K Chaubey, Director (Technical) has superannuated from NHPC services on 31.05.2023 after providing more than 38 years valuable services to the organization. On behalf of NHPC family, I express my gratitude to him for his services and wish him a healthy and prosperous retired life.

We shall be observing World Environment Day and International Day of Yoga during June 2023. Let us all bear in mind the importance messages of these two occasions and work towards keeping our environment clean and also develop a healthy lifestyle for ourselves.

Sincerely Yours,

**(R.K. Vishnoi)**
**Chairman & Managing Director**